## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–25.02.2025 (दोपहर–1455 बजे)

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज देश में स्वास्थ्य संस्थानों में बेहतर चिकित्सा सुविधाओं के विकेंद्रीकरण और अधिक शोध पर बल दिया। राष्ट्रपति बिहार में पटना के बापू सभागार में पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल–पी.एम.सी.एच. के शताब्दी समारोह को संबोधित कर रही थीं। राष्ट्रपति ने कहा कि अगर छोटे शहरों में चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होंगी तो इससे बड़े संस्थानों पर दबाव कम होगा। उन्होंने कृत्रिम मेधा और रोबोटिक्स का उदाहरण देते हुए कहा कि प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल से इलाज में क्षमता और सटीकता बढ़ेगी।

*******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुवाहाटी में एडवांटेज असम के दूसरे संस्करण में निवेश और बुनियादी ढांचा शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि असम, दक्षिण पूर्व एशिया और भारत के प्रवेश द्वार तथा असीमित संभावनाओं का केंद्र बना हुआ है। राजनयिकों, प्रमुख उद्योगपतियों, विदेशी प्रतिनिधियों की विशाल सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि असम पूर्वी भारत का एक विनिर्माण केंद्र बनेगा। उन्होंने इस रणनीतिक स्थिति का लाभ उठाने का आग्रह उद्योगपतियों से किया।

*******************

संसद की संयुक्त समिति की एक राष्ट्र एक चुनाव पर बैठक संसद भवन में जारी है। बैठक में आज समिति कानूनी विशेषज्ञों के साथ बातचीत कर रही है। 39 सदस्यों वाली समिति में लोकसभा से 27 और राज्यसभा से 12 सदस्य हैं।

*******************

विधानसभा बजट सत्र के दूसरे दिन भाजपा विधायकों ने सदन के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। पेपर लीक, महिला सुरक्षा समेत विभिन्न मुद्दों पर सरकार को घेरा और सीबीआई जांच की मांग की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर असफलता के आरोप लगाए।

*******************

जैक मैट्रिक पेपर लीक मामले का खुलासा करते हुए 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि गिरिडीह में एक युवक ने ब्लेड से पैकेट काटकर प्रश्न पत्र लीक किया था। आरोपी मजदूरी और पढ़ाई करता था और कोडरमा पुलिस की जांच में पकड़ा गया।

*******************

पीएम किसान योजना की 19वीं किस्त की रकम देशभर के किसानों के बैंक अकाउंट में पहुंच चुकी है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

*******************

महाशिवरात्रि पर कल रांची में भव्य शिव बारात निकाली जाएगी, जिसकी वजह से पुलिस ने ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किए हैं। सुबह 5 बजे से रात 10 बजे तक बड़े वाहनों की नो–एंट्री लागू रहेगी। न्यू मार्केट चौक, रातू रोड, हरमू चौक, बूटी मोड़ और कांके रोड पर यातायात प्रतिबंधित रहेगा। छोटे वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग तय किए गए हैं।

*******************

पूर्वी सिंहभूम के चाकुलिया में जंगली हाथियों ने घरों और फसलों को नुकसान पहुंचाया, जिससे ग्रामीणों में दहशत है। ग्रामीणों ने मशाल जलाकर हाथियों को जंगल की ओर खदेड़ा, जबकि वन विभाग ने मुआवजा फॉर्म बांटे। डीएफओ सबा आलम अंसारी ने बताया कि गश्ती दल भी बढ़ाया गयी है और हाथियों को रोकने के लिए बांस के पौधे लगाए गए हैं।

*******************

पश्चिमी सिंहभूम जिले में सड़क परियोजनाओं के लिए जमीन अधिग्रहण के विरोध में अखिल भारतीय क्रांतिकारी आदिवासी महासभा ने आज चाईबासा में प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने पारंपरिक हथियारों के साथ मार्च निकालकर राष्ट्रपति और राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। महासभा अध्यक्ष जॉन मिरन मुंडा ने आरोप लगाया कि अधिग्रहण प्रक्रिया में संवैधानिक प्रावधानों का पालन नहीं हुआ है।

******समाप्त*************